**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**21.06.2025/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे**

## अंतर्राष्ट्रीय योग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज विश्व तनावों से गुजर रहा है और ऐसी स्थिति में योग शांति की दिशा दिखाता है। विशाखापत्तवनम में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज योग दिवस पर पूरा विश्व एक साथ योग कर रहा है और यह देखना अद्भुत है कि किस प्रकार योग ने पूरी दुनिया को एकजुट किया है। प्रधानमंत्री ने सभी से योग को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

आधुनिक शोध के माध्यम से योग के विज्ञान को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने के भारत के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान योग अनुसंधान में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं, जिसका उद्देश्य समकालीन चिकित्सा पद्धतियों में इसकी वैज्ञानिक प्रासंगिकता स्थापित करना है।

योग दिवस को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने की यात्रा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने 21 जून को योग दिवस मनाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में रखा था और एक सौ 75 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रस्ताव का समर्थन नहीं था, बल्कि यह मानवता के हित में पूरे विश्व का सामूहिक प्रयास था।

## अंतर्राष्ट्रीय योग–2

इधर हिमाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज कई जागरूकता कार्यक्रम और योग सत्र आयोजित किए गए। राजभवन शिमला में आज योग सत्र का आयोजन किया गया जिसमें राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे और अन्य प्रतिभागियों के साथ विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं और सभी के स्वस्थ जीवन की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि योग की शास्वत प्रासंगिकता है और यह आध्यात्मिक, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है कि इस प्राचीन धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा मिली है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है। राज्यपाल ने सभी लोगों से एक स्वस्थ व संतुलित जीवन जीने के लिए योग को अपनाने का आह्वान किया। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला स्थित अपने सरकारी आवास ओक ओवर में योगाभ्यास किया।

**<u>शांडिल योग</u>**

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सोलन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने लोगों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर आयुष विभाग के विशेषज्ञों ने लोगों को योग क्रियाओं की बारीकियां बताई और उसके लाभ बारे बताया। शांडिल ने बताया कि योग साधना से सब कुछ पाया जा सकता है और इससे जहां मन शांत रहता है वहीं मनुष्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है।

**<u>जयराम ठाकुर</u>**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जानबूझकर सनातन विरोधी मानसिकता के साथ काम करने का आरोप लगाया है। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सत्ता में आते ही 97 प्रतिशत हिंदू आबादी वाले राज्य में हिंदूवादी पार्टी को हराने के बयान की बात कही थी, और उसके बाद से हिंदुओं के खिलाफ प्रदेश में एक के बाद एक घटनाएं इस मानसिकता को साबित कर रही हैं। जयराम ठाकुर ने पांवटा साहिब की घटना को लव जिहाद का मामला बताते हुए इस संबंध में पुलिस पर एफआईआर दर्ज करने में जानबूझकर देर करने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस मामले के खिलाफ आवाज उठाने पर राजनीतिक प्रतिशोध के तहत भाजपा नेताओं सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं जबकि दोषी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने इन मामलों को तुरंत वापिस लेने और दोषियों को सख्त सजा देने की सरकार से मांग की है।

**नमस्कार।**